उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संं0- 18 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024-25/03-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 23 जनवरी, 2025

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2024, सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/03 के अंतर्गत सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक के विज्ञापित पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक 24-12-2024 को जारी किया गया था एवं आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-27/02/तीन(परी0-1)/2025/खण्ड-1, दिनांक 15-01-2025 के माध्यम से प्रश्नगत विज्ञापन की मुख्य परीक्षा दिनांक 16-02-2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित किये जाने सम्बन्धी सूचना आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये 5169 अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनारक्षित व अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को 200 रू0 तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को 80 रू० ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं होगा।

मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Main Examination Fee Deposition विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए शुल्क जमा करने की कार्यवाही पूर्ण कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से यथासमय सूचित किया जाएगा।

23/01/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।